सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - ३ अंक - ६५    सोमवार – २६/०१/२०२६    पृष्ठ – ३    प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

शायद ही कोई ऐसा संघर्ष क्षेत्र मिलेगा जहाँ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अमेरिका की उपस्थिति न हो। वियतनाम से लेकर इराकए अफगानिस्तानए सीरिया और अब वेनेजुएला व यूक्रेन तक इतिहास गवाह है कि वैश्विक तनाव के अधिकांश केंद्रों के पीछे वाशिंगटन की रणनीतियां सक्रिय रही हैं। सवाल यह है कि क्या अमेरिका दुनिया का स्वयंभू पुलिसकर्मी है या वह अपने हितों के लिए अस्थिरता पैदा करने वाला मुख्य कारक है। अमेरिका की विदेश नीति अक्सर लोकतंत्र की रक्षा और मानवाधिकारों के सुंदर शब्दों में लिपटी होती है। लेकिन इसकी तह में जाने पर आर्थिक और सामरिक स्वार्थ स्पष्ट दिखाई देते हैं। वेनेजुएला का उदाहरण लें तो वहां लोकतंत्र की चिंता से कहीं अधिक दिलचस्पी वहां के विशाल तेल भंडारों और लैटिन अमेरिका में समाजवाद को कुचलने में है। अमेरिका की यह पुरानी कार्यशैली रही है कि जहाँ भी उसकी विचारधारा या व्यापारिक हितों को चुनौती मिलती है वहां वह शासन परिवर्तन का खेल शुरू कर देता है। हथियारों का कारोबार भी इस तनाव का एक बड़ा कारण है। अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक है। जब तक दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध या तनाव की स्थिति बनी रहेगी तब तक उसके सैन्य.औद्योगिक परिसर का मुनाफा बढ़ता रहेगा। मध्य पूर्व में दशकों से जारी अस्थिरता इसका सबसे बड़ा प्रमाण है जहाँ गुटबाजी को हवा देकर अरबों डॉलर के हथियार बेचे जाते हैं। इसके अलावाए डॉलर की वैश्विक प्रधानता को बनाए रखने की होड़ भी संघर्षों को जन्म देती है। जो भी देश डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने या अपनी स्वतंत्र आर्थिक राह चुनने की कोशिश करता है चाहे वह लीबिया के गद्दाफी हों या वेनेजुएला के मादुरो उसे अमेरिकी कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है। दूसरों के आंतरिक मामलों में दखल देने की यह प्रवृत्ति न केवल संप्रभुता के सिद्धांत का उल्लंघन है। बल्कि यह एक ऐसी अराजकता को जन्म देती है जिसका खामियाजा निर्दोष नागरिकों को भुगतना पड़ता है। अब समय आ गया है कि दुनिया एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़े जहाँ किसी एक शक्ति की सनक पूरी दुनिया की किस्मत तय न करे।

## नीमच पुलिस ने किया चोरी का बडा खुलासा , चोरो के गिरोह के 5 सदस्य पुलिस गिरफ्त में , 10 से ज्यादा चोरीयाँ स्वीकारी

**मन्दीरो के दानपात्र ,छत्र,मुकुट,नकदी ,भगवान के जेवरात आदि की करी चोरीयाँ**



नीमच पुलिस ने मंदिरों और दरगाहों को निशाना बनाने वाले एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह नीमच जिले और आसपास के क्षेत्रों में 10 से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका था। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से चोरी की चार बाइकें, चांदी के मुकुट, छत्र और नकदी सहित कुल 1 लाख 52 हजार रुपये का सामान बरामद किया गया है।

गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद शातिर थी। ये पहले वाहनों की चोरी करते थे और फिर उन्हीं चोरी किए गए वाहनों का इस्तेमाल कर मंदिरों और दरगाहों की रेकी करते थे। इसके बाद वे वहां से दानपेटियां और कीमती आभूषण चुरा लेते थे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई – जांच के दौरान, पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर इस गिरोह को घेरा। इस कार्रवाई से जीरन के असराना बालाजी मंदिर, बघाना के कालिका मंदिर, कल्याणपुरा के अंबेमाता मंदिर और मेघपुर बालाजी जैसे प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों पर हुई चोरियों का खुलासा हुआ है।

लोगों से सतर्क और जागरूक रहने की अपील – पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है, जिससे प्रदेश और अंतरराज्यीय स्तर पर हुई अन्य बड़ी वारदातों का भी खुलासा होने की संभावना है। एसपी जायसवाल ने आमजन से धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

## चीताखेडा की महिला ने पति की डांट से बचने के लिए रची झुठी लुट की कहानी ,पुलिस सख्ती मे हुआ खुलासा

*पहले सुनार को बेचे गहने फिस रची झुठी चोरी की साजिश*

नीमच जिले के चीताखेड़ा में बुधवार को हुई जिस लूट ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी, पुलिस ने उसका खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि लूट की कोई वारदात हुई ही नहीं थी, बल्कि महिला ने घर में हुई गहनों की कमी को छिपाने के लिए यह झूठी कहानी रची थी।

महिला ने पुलिस को सूचना दी थी कि दो युवक और एक बुजुर्ग महिला मोटरसाइकिल से मरीज बनकर उसके घर में घुसे और फिर रिवॉल्वर की नोक पर सोने–चांदी के जेवर और नकदी लूटकर भाग गए।

दिनदहाड़े लूट की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और जीरन थाना प्रभारी सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। हालांकि, जब पुलिस ने महिला से बारीकी से पूछताछ की, तो उसके बयान बार–बार बदलने लगे, जिससे पुलिस का शक गहरा गया।

पति के डर से गढ़ी साजिश – सख्ती से पूछताछ करने पर महिला ने सारा सच उगल दिया। उसने बताया कि पिछले दो–तीन सालों के दौरान उसने घर के पुराने जेवर गांव के ही एक सुनार को बेच दिए थे। अब जब घर में गहने नहीं होने की बात सामने आने लगी, तो पति की डांट और गुस्से से बचने के लिए उसने लूट का नाटक रचा।

पति ने बताया कि उसकी पत्नी की 2020 से मानसिक बीमारी का इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने मीडिया और प्रशासन को गुमराह करने के लिए यह काल्पनिक कहानी गढ़ी थी। अब पुलिस इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है

## भरभडियाँ फॉर लाईन फंटे पर ट्राले ने दो युवकों को रौंधा ।

गुरुवार रात नीमच फोर लाईन स्थीत भरभड़िया फंटे के पास हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई।दोनो युवक सरवानिया महाराज निवासी थे। मृतकों की पहचान गोविंद रेगर और सोनू उर्फ भूपेंद्र सिंह के रूप में हुई।

भरभड़िया फोरलाईन चोराहे पर रोड के समीप हाईवे पार करते समय एक गिट्टी से भरे ट्राले ने दोनों युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। ओर एक बिजली पॉल के टकरगया । टक्कर से उनकी मौत हो गई।

घटना की सुचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुची । गोविंद रेगर के भाई पारसमल रैगर ने बताया कि दोनों युवक प्रतिदिन मजदूरी के लिए नीमच जाते थे और रात में लौटते थे। परिजनो ने थाने पहुचकर मृतकों की शिनाख्त की

## सूदखोरो द्वारा प्रताडिय युवक ने खाया जहर ,इलाज के दौरान मौत

नीमच शहर के बघाना थाना क्षेत्र में सूदखोरी से परेशान होकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। जाकिर हुसैन गली निवासी मोहसिन (32) पिता हनीफ पठान ने शुक्रवार शाम करीब 5 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां आज शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे उसकी मौत हो गई।

मोहसिन कृषि उपज मंडी में हम्माली का काम करता था। आरोप है कि मोहसिन ने साजिद पिता लतीफ, हीना उर्फ अनवर कुरैशी, पान्डू, सद्दाम, अरबाज और जाकिर पठान नामक व्यक्तियों से कर्ज लिया था। ये लोग 10 से 20 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से अवैध ब्याज ले रहे थे। मृतक के भाई जाकिर ने बताया कि आरोपी मोहसिन की छीन लेते थे और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते थे। इस लगातार प्रताड़ना से मोहसिन मानसिक रूप से टूट गया था, ओर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

## रतनगढ वन विभाग ने खरगोश,सियार के शिकरीयों का किया खुलासा ।


*शिकारी पर वन्यजीव अधिनिया के तहत केस दर्ज*

जावद के रतनगढ़ वन विभाग ने अवैध शिकार के एक मामले का खुलासा किया है। टीम ने शनिवार की देर रात एक शिकारी को मृत और अधजले सियार और मृत खरगोश के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है।

परिक्षेत्राधिकारी प्रताप लाल गहलोत ने बताया कि वन विभाग की टीम रात्रि गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने कनकपुरा, तहसील सिंगोली, जिला नीमच निवासी उदानाथ पिता जोधानाथ कालबेलिया (42) को अवैध रूप से शिकार किए गए सियार को आग में जलाते हुए देखा। मौके से एक मृत खरगोश भी बरामद किया गया।

वन विभाग ने आरोपी उदानाथ के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 296/02 दिनांक 24 जनवरी 2026 पंजीबद्ध किया है। उस पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 50, 51 एवं 52 के तहत मामला दर्ज किया गया है।


## कटनी में गणतंत्र दिवस समारोह मे प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह करेगे ध्वज रोहण।



अभीलाषा तिवारी @ जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह परंपरागत गरिमा के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में आयोजित होने वाले जिले के मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह होंगे। इस मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन करेंगे।

## जम्मू-कश्मीर मे बर्फबारी , हिमाचल में तापमान माईनस व युपी में 20 जिलों में आंधी बरिश का अलर्ट।

**माईनस तापमान में 1300 से ज्यादा रास्ते बंद ।**



जम्मू–कश्मीर की भद्रवाह घाटी में लंबे इंतजार के बाद इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। पटनीटॉप, नथाटॉप, सनासर और बटोटे में भी इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। हिमाचल में बर्फबारी से तापमान और गिर गया है। यहां कुसुमकेरी का तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सीयस रहा। हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी के कारण 1291 सड़कें बंद हैं। बर्फ हटाने के लिए 385 मशीनें लगाई हैं। हिमाचल और कश्मीर में 1300 से ज्यादा सड़कों पर से बर्फ हटाने का काम लगातार जारी है। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट है। मौसम विभाग ने बताया कि यहां 40–50 किमी घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। तापमान में 5–6 डिग्री तक की गिरावट आने की संभावना है।

हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने 25 जनवरी को प्रदेश के 7 जिलों में पाला पड़ने की चेतावनी दी है। वहीं, पंजाब में बठिंडा सबसे ठंडा रहा। यहां का तापमान 0.8 डिग्री सेल्सीयस रहा।

रक्षा मंत्रालय के डिफेंस जियोमैट्रिक्स रिसर्च एस्टैबलिशमेंट ने उत्तराखंड में बर्फबारी के कारण पांच जिलों के लिए अगले 24 घंटे में हिमस्खलन का हाई अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली में बारिश के बाद हवा में सुधार हुआ। हालांकि मौसम में बदलाव से सर्दी बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली–एनसीआर में बादल छाए रहेंगे।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













(1) गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

(2) होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

(3) ई-पेपर केटेगिरी चुने

(4) समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



https//:sbpatra.in





पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध